पत्रांक–भवन / बजट–13–निष्पादन–05 / 2020–21............ 4862 (अ)

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग।**

प्रेषक,

**कुमार अनुराग,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),**
**सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),**
भवन निर्माण विभाग।

पटना, दिनांकः– 03/6/26

विषयः– कार्यालय अन्तर्गत लंबित विद्युत विपत्रों के भुगतान के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड, पटना के पत्रांक–922, दिनांक–28.04.2026 (विवरणी संलग्न) के द्वारा भवन निर्माण विभाग के विभिन्न कार्यालयों अन्तर्गत दिनांक–01.04.2026 तक कुल 6.68 करोड़ (छः करोड़ अड़सठ लाख रूपये) का लंबित विद्युत विपत्र का केन्द्रीयकृत रूप से भुगतान करने हेतु अनुरोध किया गया है। प्राप्त विवरणी के अवलोकन से यह विदित हो रहा है कि कई कार्यालयों के पास काफी राशि का विद्युत विपत्र लंबित है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत विपत्रों के भुगतान हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त अधियाचना के आलोक में राशि आवंटित की जाती है तथा उन्हीं कार्यालयों द्वारा विद्युत विपत्र संबंधी राशि का भुगतान किया जाता है।

अतः निदेश दिया जाता है कि संलग्न विवरणी में लंबित विद्युत विपत्रों की बकाया राशि का सत्यापन कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए लंबित विद्युत विपत्र की अधियाचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि आवंटन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

02/06/26

(कुमार अनुराग)
सरकार के संयुक्त सचिव।

कुमार सिंह, भा०प्र०से०
सह-प्रबंध निदेशक

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि०
निबंधित कार्यालय : विद्युत भवन,
नेहरू पथ, पटना-800 021
दूरभाष: 0612-2504036, फैक्स: 0612-2504968
ई-मेल: cmdbsphcl@bihar.gov.in

15 MAY 2026

पत्रांक– RDSS/Govt./2022-23/1 (Part-III) 922 दिनांक– 28-04-2026

अपर सचिव (भ०नि०)

11438
15/5/26

सेवा में,

सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

अभियंता प्रमुख
भवन निर्माण विभाग
1818/19/5/26

विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 में आपके क्षेत्रीय कार्यालयों पर विद्युत विपत्र के भुगतान के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों पर दिनाक 01.04.2026 तक बकाए विद्युत विपत्र मद में कुल 6.68 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 5.33 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 1.35 करोड़ रूपये) बकाए के रूप में लम्बित है। जिलावार/प्रमण्डलवार/उपभोक्तावार विवरणी आपके विभागीय e-mail पर भेजी जा रही है।

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में माह अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक विद्युत विपत्र मद में अनुमानित अभिनिर्धारण कुल राशि 12.58 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 11.03 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 1.55 करोड़ रूपये) होगा। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल भुगतेय राशि 19.27 करोड़ रूपये (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 का 16.37 करोड़ रूपये एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि0 2.90 करोड़ रूपये) होगा।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में आपके विभाग द्वारा कुल 8.48 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में विद्युत प्रभार मद में कुल 20.04 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान प्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि दिनांक 01.04.2026 तक कुल बकाये राशि 6.68 करोड़ रूपये का चालू वित्तीय वर्ष में प्राप्त बजट उपबंध से केन्द्रीयकृत रूप से भुगतान करने की कृपा की जाय ताकि चालू वित्तीय वर्ष में विद्युत विपत्र का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक– यथावर्णित।

(मनोज कुमार सिंह)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

2999
20/5

S.O.-(B332)

4269
18.5.26

(179)

# Bihar State Power Holding Company Limited

1st Floor, Vidhut Bhawan, Jawahar Lal Nehru Marg, Patna - 800001

**Building Construction Department**

**Dues as on 01.04.2026**

(Amount Figure in Rs Crore)

| DISCOM | District | Count of CA NUMBER | Sum of dues as on 01.04.2026 |
|---|---|---|---|
| NBPDCL | Araria | 1 | 0.01 |
| | Begusarai | 4 | 0.02 |
| | Darbhanga | 3 | 0.00 |
| | East Champaran | 3 | 0.00 |
| | Gopalganj | 1 | 0.01 |
| | Katihar | 2 | 0.06 |
| | Khagaria | 4 | 0.01 |
| | Kishanganj | 5 | 0.20 |
| | Madhepura | 4 | 0.02 |
| | Madhubani | 4 | 0.02 |
| | Muzaffarpur | 2 | 0.00 |
| | Purnea | 5 | 0.04 |
| | Saharsa | 1 | 0.00 |
| | Samastipur | 5 | 0.12 |
| | Saran | 6 | 0.00 |
| | Sitamarhi | 10 | 0.35 |
| | Siwan | 1 | 0.01 |
| | Supaul | 2 | 0.00 |
| | Vaishali | 6 | 0.04 |
| | West Champaran | 4 | 0.44 |
| **NBPDCL Total** | | **73** | **1.35** |
| SBPDCL | Arwal | 1 | 0.00 |
| | Aurangabad | 3 | 0.11 |
| | Banka | 4 | 0.05 |
| | Bhagalpur | 6 | 0.11 |
| | Bhojpur | 4 | 0.17 |
| | Buxar | 3 | 0.13 |
| | Gaya | 13 | 0.53 |
| | Jahanabad | 6 | 0.10 |
| | Jamui | 5 | 0.07 |
| | Kaimur | 4 | 0.01 |
| | Lakhisarai | 1 | 0.00 |
| | Munger | 9 | 0.18 |
| | Nalanda | 6 | 0.61 |
| | Nawada | 6 | 0.01 |
| | Patna | 46 | 3.23 |
| | Rohtas | 4 | 0.03 |
| | Sheikhpura | 1 | 0.00 |
| **SBPDCL Total** | | **122** | **5.33** |
| **Grand Total** | | **195** | **6.68** |